**खबर संक्षेप**

## सिंधु नवयुवक मंडल के द्वारा रक्तदान शिविर 10 अप्रैल को

**मण्डला।** पीड़ित मानवता की सेवार्थ के लिए सिंधी समाज के युवाओं के द्वारा जागरूकता की पहल की जा रही है। 10 अप्रैल को सिंधी भाषा दिवस के अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के तत्वाधान में सिंधु नवयुवक मंडल मंडला के सदस्यों के द्वारा स्थानीय अंबेडकर वार्ड स्थित श्री गुरुद्वारा साहिब के नीचे हॉल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। मानव का रक्त मानव के काम आए इसी मानवता की भावना से प्रेरित होकर शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर श्री गुरुद्वारा साहिब परिसर में सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक आयोजित है जिसमें रक्तदान करते हुए जागरूकता संदेश दिया जाएगा।आयोजकों ने बताया कि यह आयोजन केवल सामाजिक स्तर पर नहीं अपितु सभी रक्तवीरों के लिए है। रक्तदान के लिए अग्रसर जागरूक नागरिकों, रक्तवीरों से इस पहल में शामिल होकर मानव सेवा करने के लिए आग्रह किया गया है।इस आयोजन में जिला ब्लड बैंक की टीम के सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा।

## मनरेगा मेट संघ मंडला की बैठक हुई संपन्न

**मण्डला।** कल दिनांक 07/04/2026 दिन मंगलवार को समस्त 9 ब्लॉक के कोर कमेटी द्वारा मंडला जिला मेट संघ के अंतर्गत जेल घाट मे नर्मदा के पावन धरा पर मेट संघ की बैठक संपन्न हुई जिसमे समस्त ब्लॉक अध्यक्ष विभिन्न प्रकार के अपनी मांगो को लेकर चर्चा किया गया मनरेगा मेट संघ विभिन्न समस्या को लेकर ज्ञापन के माध्यम से जिला कलेक्टर को जनसुनवाई मे ज्ञापन सौंपा गया।

### दसवीं कक्षा पढ़ाने वाले शिक्षकों को लगाया मूल्यांकन कार्य में


# 12वीं बोर्ड परीक्षा में हद दर्जे की लापरवाही

*** समय सीमा समाप्त होने के बाद भी कापियों से की गई छेड़छाड़।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

बोर्ड परीक्षाओं का अपना अलग महत्व है और उसमें भी 12वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा तो पूरे जीवन में एक विशेष महत्व रखती है इस कक्षा में अध्यनरत विद्यार्थी अपना सर्वस्व समर्पित कर जी तोड़ मेहनत करता है ताकि उसे अच्छे अंक प्राप्त हो सके जिनके आधार पर ही आगे की शिक्षा का भविष्य तय होता है और इसी राह से विद्यार्थी का भी भविष्य बनता बिगड़ता नजर आता है अंक अच्छे होंगे तो अच्छा शासकीय कॉलेज




मिल सकेगा जहां कम पैसे में अच्छी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त होगी।

12वीं कक्षा में प्राप्त अंक एक वह आधार का काम करते हैं जो भविष्य में आने वाली प्रत्येक परीक्षाओं में नई इमारत गढ़ने में सहयोगी होता है लेकिन दुर्भाग्य हमारे जिले की शिक्षा व्यवस्था का कि जहां इस बोर्ड परीक्षा को विद्यार्थी इतनी गंभीरता से लेते हैं और वहीं यहां के शिक्षा विभाग के जिम्मेदार इस परीक्षा के प्रति हद दर्जे की लापरवाही दिखा रहे हैं ना तो किसी तरह के नियमों के पालन की ही उन्हें चिंता है और ना ही बच्चों के भविष्य के प्रति ही कोई संवेदनशीलता है और ना ही शासन प्रशासन से किसी तरह का भय जो मन आया वह कर रहे हैं शिक्षा विभाग के ये जिम्मेदार।

12वीं कक्षा का मूल्यांकन उन शिक्षकों के द्वारा कराया गया जो दसवीं कक्षा में अध्यापन कार्य कर रहे हैं जब शिक्षकों ने इस पर असमर्थता जताई तो कहा गया की सहयोग ही तो करना है अब यह काम समय से परे हैं की कॉपियों के मूल्यांकन में सहयोग किस तरह से किया जाता है शिक्षकों के मना करने के बावजूद उन्हें मूल्यांकन कार्य में लगाया गया अब प्रश्न यह उठता है कि जिला अनुमोदन समिति के शीर्ष अधिकारियों की जो समिति होती है और जो मूल्यांकन करने वाले शिक्षकों की सूची तैयार करती है तो फिर चूक कहां पर हुई

क्या इन अधिकारियों की सहमति से ही यह सूची तैयार की गई या 12वीं कक्षा का मूल्यांकन दसवीं कक्षा पढ़ने वाले शिक्षकों द्वारा कराया गया इस मामले में किसी अन्य अधिकारी की गलती है इस तरह से समझा जा सकता है कि किस तरह की गंभीरता हमारा शिक्षा भाग मूल्यांकन कार्य के प्रति दिखा रहा है।

5 अप्रैल को मूल्यांकन का अंतिम दिवस था इस दिन शाम को लगभग 7:30 बजे तक मूल्यांकन कार्य जारी रहा और फिर मूल्यांकन प्रभारी द्वारा सभी शिक्षकों को बधाई एवं शुभकामना देते हुए ग्रुप में इस तरह का मैसेज डाला गया कि सभी के सहयोग से मूल्यांकन कार्य संपन्न हुआ।

जब 5 अप्रैल को मूल्यांकन पूरा हो गया और इसकी आधिकारिक घोषणा मूल्यांकन प्रभारी द्वारा स्वयं कर दी गई तो फिर 6 अप्रैल को विद्यार्थियों की कापियों को बाहर निकलवा कर उसके साथ छेड़छाड़ क्यों की गई मूल्यांकन कक्ष में उपस्थित शिक्षक इन कॉपियों के साथ क्या कर रहे थे इस तरह की खबर जब बाहर फैली तो मीडिया कर्मी मूल्यांकन केंद्र पहुंचे तो वहां पर उन्हें यह बताया गया की अवधि समाप्त हो जाने के बाद भी एक दिन का समय मिलता है और उसी में यह बाकी का कार्य किया जा रहा है जब मूल्यांकन कार्य बाकी था तो फिर क्यों ग्रुप में मैसेज डालकर मूल्यांकन कार्य पूरा हो जाने की आधिकारिक घोषणा की गई और सभी को बधाइयां दे दी गई और इसी मैसेज के आधार पर पोर्टल भी बंद हो गया सूत्रों की माने तो अभी अंकों की प्रविष्टि नहीं हुई थी और पोर्टल बंद हो गया है अब क्या अंकों की प्रविष्टि के लिए पुनः पोर्टल खुलवाया जाएगा और फिर इस बात की अब क्या गारंटी है कि मूल्यांकन कार्य को पूरी ईमानदारी से किया गया होगा एक विद्यार्थी जिसके जीवन में 12वीं में प्राप्त एक-एक अंक का बड़ा महत्व है वहां पर इन जिम्मेदारों द्वारा जो लापरवाही दिखाई गई वह अक्षम्य है और क्या शासन प्रशासन इन जिम्मेदारों पर कोई कार्रवाई करेगा या यूं ही पहले की भांति आंख पर पट्टी बांधकर अपना ही गुणगान करता रहेगा।

# बम्हनी बंजर में शराब की बिक्री में गड़बड़ी




*** एमआरपी से ऊपर वसूली, रेट लिस्ट तक नहीं लगी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/बम्हनीबंजर

बम्हनीबंजर क्षेत्र में शराब बिक्री को लेकर गंभीर अनियमितताओं की खबर सामने आई है। जानकारी के अनुसार, यहां शराब दुकानों पर निर्धारित एमआरपी से अधिक कीमत वसूली जा रही है, जिससे आम उपभोक्ताओं को आर्थिक नुकसान उठाना पड़ रहा है। हैरानी की बात यह है कि दुकान पर रेट लिस्ट तक प्रदर्शित नहीं की गई है, जो नियमों का खुला उल्लंघन माना जा रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि न केवल नगर में बल्कि आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में भी अवैध रूप से शराब की सप्लाई की जा रही है। बिना अनुमति और नियमों को दरकिनार कर यह कारोबार खुलेआम जारी है, जिससे कानून व्यवस्था पर भी सवाल खड़े हो रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार शिकायतों के बावजूद संबंधित विभाग और प्रशासन इस ओर ध्यान नहीं दे रहा है। कार्रवाई के अभाव में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा है और जिम्मेदार अधिकारी मूकदर्शक बने हुए हैं। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन से मांग की है कि जल्द से जल्द इस मामले की जांच की जाए साथ ही दुकान पर अनिवार्य रूप से रेट लिस्ट लगाई जाए और एमआरपी से अधिक वसूली व अवैध सप्लाई पर तत्काल रोक लगाई जाए, ताकि आम जनता को राहत मिल सके।

## चंदवारा में पेयजल व्यवस्था हुई सुदृढ़..................

**मण्डला।** विकासखंड मोहगांव के ग्राम चंदवारा में पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जल जीवन मिशन के अंतर्गत 20.60 लाख रुपये की योजना स्वीकृत कर पूर्ण कर ली गई है। योजना के तहत कार्य पूर्ण होने के बाद इसे ग्राम पंचायत को संचालन एवं संधारण के लिए हस्तांतरित कर दिया गया है। ग्राम में शेष घरों और बसाहटों तक पाइपलाइन एवं नल कनेक्शन पहुंचाने के लिए 62.01 लाख रुपये की पुनरीक्षित योजना पर कार्य जारी है। वर्तमान में गांव में 5 हैंडपंप, 1 सार्वजनिक कुआं तथा 6 निजी कुएं संचालित हैं, जिनसे ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। प्रशासन के अनुसार, पाइपलाइन विस्तार एवं नल कनेक्शन कार्य पूर्ण होने के बाद पूरे गांव में बेहतर पेयजल सुविधा सुनिश्चित हो सकेगी।

## प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष यश घनघोरिया का भव्य स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया के निवास विधानसभा आगमन पर युवा कांग्रेस द्वारा बस स्टैंड नारायणगंज में ऐतिहासिक और भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखने को मिला और समूचा बस स्टैंड क्षेत्र ₹कांग्रेस जिंदाबाद₹ के नारों से गूंज उठा। स्वागत उपरांत प्रदेश अध्यक्ष यश घनघोरिया ने बस स्टैंड स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर पहुंचकर विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। उन्होंने बजरंगबली का आशीर्वाद लेते हुए



प्रदेश की सुख, शांति और खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में भी बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालुओं और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लगा रहा। इस स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के पदाधिकारियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष रितेश सोनी और प्रिंस अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष का फूल-मालाओं से आत्मीय स्वागत किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से विपिन सोनी संदीप तिवारी, राजूलाल, मनीष बर्मन, सौरभ साहू, हिरदेश साहू, बलराम साहू, वसीम अकरम, बंटू सेन अवधेश सिंगरोरे उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान युवा कांग्रेस के सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आगामी चुनावों और संगठन की मजबूती के लिए पूरी ऊर्जा के साथ जुटने का आह्वान किया।

## बकौरी उचित मूल्य दुकान में चोरी, 60 बोरी चावल गायब



**बकौरी।** दिनांक 5 अप्रैल की रात्रि में ग्राम बकोरी की उचित मूल्य दुकान में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात वाहन सवार चोरों ने रात के समय दुकान के बाहर गाड़ी लगाकर ताला तोड़ दिया और लगभग 60 बोरी (करीब 30 क्विंटल) चावल चोरी कर ले गए। घटना की सूचना पुलिस थाना मंडला में दर्ज करा दी गई है तथा संबंधित विभाग के अधिकारियों को भी अवगत करा दिया गया है। यह चावल माह अप्रैल में बकोरी के उपभोक्ताओं को वितरण के लिए रखा गया था। इस चोरी की घटना के कारण इस माह राशन वितरण में असुविधा होने की संभावना है।

## नगर मुख्य तिराहे में बहका ट्राला किया रेलिंग पार



*** पुलिस थाना के सामने हुआ हादसा।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

विगत रात्रि को नेशनल हाईवे NH 30 बिछिया नगर परिषद ओर पुलिस थाना के सामने मुख्य तिराहे पर एक लंबा ट्राला अनियंत्रित इस तरह हुआ कि वह रेलिंग तोड़ते हुए रेलिंग के आर पार हो गया शुक्र है समय रात्रि का था, कुछ दूरी से लहराता हुआ आया जब तक ड्राइवर कुछ समझ पाता ट्राला रेलिंग के आर पार हो चुका था अगर यह दिन में होता तो कोई बड़ी घटना हो सकती थी क्योंकि दिन में सबसे व्यस्त लोगों का आना जाना यही से होता फुटपाथ ओर सड़क पर दुकानें आने जाने वाले लोग यही पर ज्यादा होते हैं, हालाकि कोई गंभीर घटना नहीं हुई। नगर में ट्राला के बहकने की यह पहली घटना नहीं है इसके पूर्व भी इस तरह के हादसे हो चुके। मगर प्रशासन की कार्यवाही पर ओर कार्यप्रणाली पर सभी का ध्यान केंद्रित हो जाता हैं कि आखिर कर इस तरह नगर के लोगों को कब तक झेलना पड़ेगा और हाईवे का कार्य अब तक प्रारंभ क्यों नहीं किया गया, बड़ी बड़ी लंबी लंबी बाते करने वाले जनप्रतिनिधि क्या कर रहे हैं छोटे छोटे कामों को लेकर आंदोलन होते हैं बाईपास के लिए अब कोई आंदोलन क्यों नहीं किया गया, ओर अगर बाई पास स्वीकृत हो चुका है तो अब तक निर्माण कार्य क्यों नहीं किया जा रहा है इस तरह के हादसे आखिर कब तक।

## माँ की बगिया पौधारोपण हेतु प्रशिक्षण का हुआ आयोजन

**नारायणगंज।** शासन के निर्देश अनुसार समस्त जनपद पंचायत में मां की बगिया पौधारोपण हेतु प्रशिक्षण देना है जिसमें आजीविका परियोजना की कृषि सखी एवं ग्राम रोजगार सहायक के साथ अन्य कर्मचारी भी प्रतिभागी रहेंगे जनपद पंचायत नारायणगंज में सीईओ श्रीमती श्रद्धा सोनी के मार्गदर्शन में दिनांक 06/04/2026 को एक दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें प्रदान NGO से श्री अभिलाष सिंह, आजीविका परियोजना से श्री श्रृति सागर उपाध्याय, उद्यानिकी विभाग से वरिष्ठ कृषि अधिकारी भारती जी तथा जनपद स्तरीय अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें मुख्य रूप से पौधों का रखरखाव तथा पौधों की कीटो से सुरक्षा के संबध में विशेष सुझाव दिए गए। इस प्रशिक्षण में श्रीमति श्रद्धा सोनी समस्त ग्राम रोजगार सहायक, कृषि सखी तथा अन्य जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारी अच्छी संख्या में उपस्थित रहे। सम्पूर्ण कार्यक्रम पूर्ण भागीदारी से आयोजित किया गया।

**कार्यालय ग्राम पंचायत भलवारा मण्डला**

पत्र क्र /पंचा.नि.आ./2026/ दिनांक 04/04/2026

// निविदा आमंत्रण सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि शासन के निर्देशानुसार ग्राम पंचायत कार्यो के लिये मद 15वाँ वित्त आयोग, दवाँ वित्त आयोग, सांसद मद, विधायक मद एवं अल्प अधोसंरचना मद की राशि से ग्राम पंचायत को निर्माण कार्यो हेतु लोहा (8 एमएम, 10 एमएम, 12, एमएम, 16 एमएम), रेत, गिट्टी (20, एमएम, 40 एमएम), ईट, मुर्रम, सीमेंट एवं निर्माण कार्यो हेतु समस्त सामग्रियों को जीएसटी के सहित विज्ञापन के 7 दिवस के भीतर कार्यालयीन समय में निविदा आमंत्रण प्रदाय किया जा सकता है समयावधि के बाद विचार नहीं किया जायेगा।

सचिव
ग्राम पंचायत भलवारा
जनपद पंचायत निवास (मण्डला)

सरपंच
ग्राम पंचायत भलवारा
जनपद पंचायत निवास (मण्डला

**कार्यालय मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत निवास, जिला- मण्डला**

क्र./ज.पं./ सामा.न्या.वि./2026/6358 निवास, दिनांक 07.04.2026

// संक्षिप्त निविदा सूचना //

जनपद पंचायत निवास में मुख्यमंत्री कन्या विवाह/निकाह योजना 2026-27 के तहत दिनांक 22.04.2026 दिन बुधवार को सामूहिक विवाह का आयोजन स्टेडियम ग्राउंड निवास में किया जा रहा है, जिसमें सम्मिलित निकाय जनपद पंचायत निवास/नारायणगंज/बीजाडांडी एवं नगर परिषद निवास है। सामूहिक कन्या विवाह/निकाह में सामग्री पूर्ति हेतु निविदा निम्नानुसार आंमत्रित की जाती है।

| क्र | सामग्री का विवरण | मात्रा |
|---|---|---|
| 1 | टेण्ट व्यवस्था पूर्व निर्धारित स्थान स्टेडियम ग्राउण्ड निवास में टेण्ट पण्डाल, स्पीकर सेट, चटाई, कुर्सी, कुसी कवर, टेबल आदि | अधिकतम 200 जोड़े |
| 2 | भोजन व्यवस्थाः भोजन पैकेट (पुडी, सब्जी, सालाद, आचार, मीठा लगभग 2000 | |
| 3 | पूजन सामग्री (मंगरोही, मिटटी के बर्तन, पीढा, कच्चा सूत, हल्दी तेल, नारियल, अंगरबत्ती, सुपाडी, पान खाम, टोकनी, बीजना) | |
| 4 | वधु हेतु साडी, वर हेतु कुर्ता पैजामा एवं सिंगार सामग्री | |

उपरोक्त सामग्री हेतु निविदा पत्र बंद लिफाफे में 16.04.2026 को समय 1.00 बजे तक इस कार्यालय में जमा करें, निविदा पत्र के साथ सामग्री का नमूना एवं क्र. 01 से 04 तक अलग अलग निविदा के लिये अमानत राशि 5000/- रूपये नगद जमा करना होगा, तभी निविदा पत्र मान्य किया जावेगा। निविदा दिनांक 16.04.2026 को कार्यालयीन समय 3.00 बजे समिति के समक्ष खोली जावेगी। निविदा से संबधित विस्तृत नियम व शर्ते कार्यालयीन समय में सूचना पटल पर देखी जा सकती है। कम निविदा दर वाली फर्म को सामग्री जनपद पंचायत निवास में पंहुचा कर देना होगा समिति का निर्णय अंतिम एंव मान्य होगा।

टीपः आयकर दाताओं को प्राथमिकता दी जावेगी टीडीएस कटौती सहित जोडो की संख्या संभावित होने से सामग्री की माँग घट या बढ़ सकती है।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत निवास

**कार्यक्रम** | **उड़ान-व्यक्तित्व एवं कौशल विकास का कार्यक्रम।**

# विद्यार्थी को बताया गया सफलता का मंत्र

*** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद का आयोजन।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला






अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् (ABVP), मंडला नगर इकाई द्वारा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास हेतु एक दिवसीय "उड़ान – द ग्रोथ कैंप" (व्यक्तित्व एवं कौशल विकास शिविर) का सफल आयोजन किया गया। स्थानीय झंकार भवन में आयोजित इस शिविर का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं में नेतृत्व क्षमता, आत्मविश्वास और आधुनिक कौशल (Skill Development) को विकसित करना है।

इस दौरान एसडीएम सोनल सिडाम ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि व्यक्तित्व विकास आज के समय की अनिवार्य आवश्यकता है। उन्होंने छात्रों को प्रशासनिक सेवाओं और भविष्य की चुनौतियों के लिए मानसिक रूप से तैयार होने के लिए प्रेरित किया।

एसडीओपी पीयूष मिश्रा ने युवाओं को अनुशासन और कानून के प्रति जागरूकता का महत्व समझाया। उन्होंने कहा कि ऐसे शिविर छात्रों को अपनी क्षमताओं को पहचानने का मंच प्रदान करते हैं।

प्रांत कार्यसमिति सदस्य वागीश पटेल ने कार्यक्रम की प्रस्तावना देते हुए विद्यार्थी परिषद के द्वारा आयोजित कार्यक्रम का परिचय दिया इसके साथ ही राष्ट्र निर्माण में युवाओं को योगदान देने हेतु आवाह्न किया।

सहायक परियोजना संचालक मुकेश पांडेय ने कौशल विकास के महत्व पर जोर देते हुए सरकार द्वारा संचालित विभिन्न परियोजनाओं और उनके लाभों के बारे में जानकारी दी।

उदघाटन सत्र के पश्चात मंडला महिला थाना प्रभारी आरती टेकाम, शिक्षक अखिलेश उपाध्याय, सुनील पनेरिया, प्राध्यापक बीएल झरिया ने विद्यार्थियों को अपने अनुभव एवं कैरियर हेतु मार्गदर्शित किया।

WE ARE HIRING

**Job Opening**
**CIRCULATION ASSISTANT MANAGER**

**Position : Circulation Assistant Manager - 2 Post**
Location : Raipur City

We are looking for a dynamic, Target Oriented and motivated Circulation Assistant to Join our team.

**Qualifications :**
- MBA (Marketing) from a recognized institution
- 3-5 Years of relevant experience in circulation Department
- Age 25 to 30 Years

**Responsibilities :**
- Manage circulation and distribution of publications
- Handle customer queries
- Maintain accurate circulation records

**How to Apply**

Interested candidates may send their resume to Email : inhnewshr@gmail.com

Last Date to Apply : 10 April 2026

हरिभूमि inh Opp. Pujari Park, Dhamtari Road, Tikrapara, Raipur

# पवन हमला कांड को लेकर किरार समाज सहित अन्य सामाजिक संगठनों ने सौंपा ज्ञापन

## दोषियों पर कार्यवाही नहीं हुई तो उग्र आंदोलन की चेतावनी






**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** स्थानीय निवासी व भाजपा कार्यकर्ता पवन पटैल बीते हुये 1-2 अप्रैल की दरम्यानी रात जब अपने साथी के साथ नर्मदा के तट से वापिस घर गाडरवारा लौट रहे रहे थे। उसी दौरान रास्ते में दिव्या बेयर हाऊस के पास कुछ लोगों द्वारा उनके ऊपर हमला करते हुये की गई मारपीट से जहां पवन पटैल के दोनों पैरो की हड्डी फैक्चर होने के कारण वह जबलपुर में इलाजरत है। वही घटना को लेकर सोशल मीडिया पर पवन पटैल द्वारा वायरल किये गये विडियों में उनके द्वारा सच्चाई से अवगत कराते हुये बताया गया है कि जब वह नर्मदाजी से गाडरवारा अपनी साथी के साथ स्कूटी से वापिस लौट रहे थें। इसी दौरान रास्ते में एक सफेद रंग की बगैर नम्बर वाले बुलेरों गाड़ी से चार पांच लोग जो अपने चेहरों को बंद किये गये थें। अचानक हमला बोलते हुये बेस बाल के बल्लों से मारपीट की गई जिससे उनके दोनों पैरो की हड्डी टूट गई। वही वायरल विडियों में पवन पटैल द्वारा इस घटना का आरोप क्षेत्र में संचालित रेत कंपनी के लोगों पर लगाते हुये बताया कि उनके द्वारा रेत कंपनी के खिलाफ की गई शिकायत के चलते उनके ऊपर यह हमला हुआ है। इस तरह घटना की सच्चाई सोशल मिडिया पर वायरल होते ही जहां क्षेत्र के लोगों के आक्रोश फैलते हुये दिखाई देने लगा। वही मामले को लेकर घटना स्थल पहोहा थाना क्षेत्र का होने पर पलोहा पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुये जांच में लिया गया था। इस तरह सत्ता पक्ष से जुडे युवा कार्य कर्ता पर हुये हमले की घटना को लेकर जहां सत्ता पक्ष के लोगों की चुप्पी देखने मिली। वही दूसरी ओर विपक्ष की नेता व कांग्रेस जिला अध्यक्ष सुनीता पटैल द्वारा क्षेत्र में घटित हुई इस घटना पर अपना सख्त रवैया अपनाते हुये कहा कि मेरे नगर के एक युवा के साथ घटित हुई इस घटना को में किसी भी स्थिति में स्वीकार नही करूगी और इसके लिये उनके द्वारा जिला मुख्यालय में धरना विरोध प्रदर्शन की चेतावनी दे डाली। जब वह घटना का विरोध प्रदर्शन करने के लिये जिला मुख्यालय पहुंची तो पुलिस द्वारा एक सूचना जारी की गई कि पवन हमला कांड से जुडे हुये दो आरोपियों को गिरप्तार करने में सफलता हासिल की गई है। वही घटना का खुलासा तेंदूखेड़ा पुलिस थाने में करते हुये बताया कि इस मामले में गिरप्तार किये गये दो आरोपियों में से एक आरोपी रूद्र प्रताप सिंह चौहान द्वारा स्वीकार करते हुये बताया है कि पवन पटैल व उनके बीच लगभग 15 दिवस पहले विवाद हुआ था उसी का बदला लेने के लिये उनके द्वारा यह हमला किया गया था। पुलिस के इस खुलासे के बाद सोशल मीडिया पर पवन पटैल द्वारा दी गई दूसरी प्रतिक्रिया ने पुलिस की कार्यवाही को संदेह के घेरे में ला दिया गया है..? क्योंकि पवन का कहना है कि न तो वह रूद्र प्रताप सिंह को जानते है ओर न ही कभी कोई विवाद हुआ है। इस तरह पुलिस मुख्य आरोपियों को बचाने के चक्कर में फर्जी लोगों को गिरप्तार करते हुये वाही वाही लूटने व जनता के आक्रोश से बचाने का प्रयास कर रही है। वही दूसरी ओर यदि पुलिस की कार्यवाही पर गौर किया जावे तो पवन द्वारा पुलिस की जांच पर लगाये गये आरोपों को बल इस बात से मिलते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है। जिस तरह घटना स्थल गाडरवारा तहसील क्षेत्र का होने के साथ साथ प्रार्थी भी गाडरवारा का रहने वाला है। मगर पुलिस द्वारा गिरप्तार किये गये आरोपियों का खुलासा स्थानीय मीडिया से दूरी बनाते हुये जिस तरह तेंदूखेड़ा थाने में किया गया है वह अपने आप ही संदेह को जन्म देने से नही चूक रहा है..? जबकि पूर्व में बड़ी बड़ी घटनाओं से लेकर छोटी पाना पिन्चिस चोरी की सफलताओं का खुलासा स्थानीय मीडिया के समक्ष होते हुये देखा गया है। मगर इतनी बड़ी घटना से स्थानीय मीडिया से पुलिस द्वारा इस तरह दूरी बनाना इस बात की ओर संकेत देते हुये प्रतीत हो रहा है कि मानों पुलिस क्षेत्र की मीडिया के सबालों से बचने का प्रयास कर रही हो...? वही दूसरी ओर पवन पटैल द्वारा पुलिस द्वारा गिरप्तार किये गये आरोपियों को लेकर पुलिस की जांच प्रक्रिया पर सबाल उठाये जाने के बाद किरार समाज संगठन सहित अन्य सामाजिक संगठनों में एक बार फिर विरोद के बादल मड़राने से नही चूक पाये। वही किरार समाज संगठन द्वारा घटना को लेकर बीते हुये मंगलवार को नगर के पलोटन गंज में एक विरोध सभा का आयोजन किया गया। इस विरोध सभा में किरार समाज सहित अन्य समाज के प्रमुख लोगों मौजूद रहे। वही सभा को संबोधित करते हुये वक्ताओं ने घटना को लेकर कहा कि बडे शर्म की बात है कि इतनी बड़ी घटना होने के बाद जहां क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधि चुप्पी साधे हुये है। लोगों का आरोप है कि उनकी यह चुप्पी निश्चित तौर से क्षेत्र में मनमानी करने वालों को संरक्षण देने की सच्चाई उजागर करने से नही चूक रही है। लोगों का आरोप है कि यह पहली घटना नही है पूर्व में भी इस तरह की अनेक घटनाये घटित हो चुकी है और यदि आज चुप्प रहे तो आज पवन की बातरी है तो कल किसी ओर की होगी..? वही घटना को लेकर एकत्र होगों द्वारा जिला कलेक्टर



के नाम अनुविभागीय अधिकारी कलावती व्यारे को ज्ञापन सौपते हुये चेतावनी दी गई है कि यदि समय रहते हुये पुलिस द्वारा घटना की पूर्ण ईमानदारी से जांच करते हुये सही आरोपियों को नही पकड़ा गया तो उग्र आंदोलन करने के लिये मजबूर होगे। ज्ञापन में उल्लेखित किया गया है कि पवन पटैल द्वारा जिस तरह पुलिस थाने में रिर्पोट दर्ज कराई गई उसी के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जावे। घटना षडयंत्र पूर्वक योजना बनाते हुये क्षेत्र में संचालित रेत कंपनी के जिम्मेदार लोगों द्वारा उनके ऊपर हमला कराया गया है उन लोगों के खिलाफ कार्यवाही होना चाहिये। वही पवन पटैल द्वार पूर्व में की गई शिकायतों व पुलिस थाने में की गई शिकायत की पूर्ण ईमानदारी से जांच करते हुये सभी आरोपियों को गिरप्तार किया जावे। इस तरह ज्ञापन देते वक्त किरार समाज संगठन सहित अन्य समाजों के प्रमुख लोग मौजूद रहे। वही स्थिति को ध्यान में रखते हुये भारी पुलिस बल तैनात दिखाई दिया।

## खबर संक्षेप

### प्रवेश प्रक्रिया को लेकर चीचली में विकासखंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट की बैठक संपन्न

**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** नग में विकासखंड के जनपद शिक्षा केंद्र में विकास खंड प्रोजेक्ट मैनेजमेंट यूनिट तथा उल्लास नवभारत साक्षरता की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि उक्त बैठक को सम्बोधित करते हुए विकास खंड शिक्षा अधिकारी वीरेंद्र राजपूत, बीआरसी चीचली डी के पटैल, बीएसी अरुण दुबे एवं एमआईएस कोऑर्डिनेटर दीपक श्रीवास्तव ने अप्रैल में कक्षा पहली एवं कक्षा छठवीं में नवीन प्रवेश, मैपिंग , मेंटरिंग, विद्यालय की मूलभूत सुविधाओं एवं अधोसंरचना की एंट्री तथा निःशुल्क पाठ्यपुस्तक वितरण, आईगाट कर्मयोगी प्रशिक्षण, अपार आई डी, खाद्यान्न उठाव, पीएम पोषण आहार मॉनिटरिंग, आईवीआरएस मैसेज, शौचालय मरम्मत एवं निर्माण कार्य पर चर्चा करते हुये जहां जरूरी दिशा निर्देश दिये। वही 13 अप्रैल को उत्कृष्ट विद्यालय में लगने वाले पुस्तक मेला सहित अन्य बिंदुओं पर विस्तृत निर्देश दिए। उल्लास नवभारत साक्षरता के समन्वयक सत्यम ताम्रकार द्वारा ने 14 मार्च को संपादित असाक्षरों की परीक्षा की समीक्षा, अप्रैल माह में ग्राम, बसाहटों में असाक्षरों के शत प्रतिशत सर्वे, सामाजिक चेतना के संचालन, आदर्श सामाजिक चेतना केंद्र में आवश्यक सामग्री की व्यवस्था तथा सामाजिक चेतना पंजी के सतत अद्यतन की बात की। इस बैठक मे अरुण दुबे, दीपक श्रीवास्तव, खुशबू ब्रिजपुरिया, सत्यम ताम्रकार, अजय नामदेव, संजय सोनी, अनूप पालीवाल, ललित पाराशर, हरीश गुप्ता, नरेश मेहरा, हरिओम स्थापक, कैलाश कहार इत्यादि की उपस्थित रहे।

### साईखेड़ा नगर परिषद में शिकायत निवारण समिति की बैठक का हुआ आयोजन

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** नगर परिषद साईखेड़ा में शिकायत निवारण समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बताया जाता है कि इस बैठक में नगर के विकास से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। वही सीवर परियोजना एवं नर्मदा पेयजल योजना की प्रगति की भी समीक्षा की गई। इस दौरान मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद सांईखेड़ा जय प्रकाश रजक ने बताया कि नगर में जिन घरों में अब तक पानी के कनेक्शन नहीं हो पाए हैं। उन्हें चिन्हित कर शीघ्र कनेक्शन प्रदान किए जाएंगे ताकि हर घर तक पेयजल उपलब्ध हो सके। वही बैठक में परियोजना प्रबंधक पीआईयू जबलपुर गोपाल गुप्ता ने कहा कि सीवर लाइन के कनेक्शनों का कार्य शेष है, उन्हें नगर पालिका अधिकारी की अनुमति प्राप्त कर प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूरा किया जाए। साथ ही योजनाओं से संबंधित लंबित सभी कार्य समय सीमा में पूर्ण किए जाएं। बैठक में पार्षद, स्थानीय जनप्रतिनिधि, पेयजल परियोजना से जुड़े ठेकेदार, सामुदायिक विकास अधिकारी सुश्री अपराजिता मिश्रा सहित अन्य कर्मचारी मौजूद थे।

### मुख्य मार्ग पर सड़क किनारे खड़े रहने वाले बडे वाहन बन रहे परेशानी का कारण

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि जिस ताह से सड़कों पर यातायात बढ़ रहा है उसके चलते आये दिन घटनाएं घटित होना आम बात होती चली जा रही है, जिसमें प्रमुख रूप से देखा जावे तो गाडरवारा पिपरिया मार्ग पर जिस प्रकार से बड़े वाहनों की धमाचौकड़ी मची हुई उसके चलते आये दिन घटित होने वाली घटनाओं के चलते आम लोगों की जान खतरे में पड़ रही है, मगर वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस मार्ग पर सड़क किनारे बने हुए ढ़ाबो पर जिस प्रकार से सड़क किनारे बड़े वाहन खड़े रहते है उसके चलते यातायात प्रभावित तो हो ही रहा है साथ ही साथ आम लोगों की जिन्दगी भी खतरे से खाली नही है? बताया जाता है कि नगर के समीप शांति दूत तिरहा के पास से लेकर कामती की ओर जाने वाले मार्ग पर बडे वाहनों में ट्रक व डम्फर इस प्रकार से खड़े कर दिये जाते है।




### व्यवस्थाओं में सुधार लाने के लिये जिला शिक्षा अधिकारी आयोजित की अशासकीय शालाओं के प्राचार्यो की बैठक



**हरिभूमि न्यूज / गाडरवारा।** स्थानीय पीएमश्री शासकीय बालक उमा विद्यालय (बीटीआई ) में बीते हुये दिवस जिला शिक्षा अधिकारी डॉ अनिल कुशवाहा ने क्षेत्र के साईंखेडा एवं चीचली ब्लॉक के समस्त अशासकीय स्कूलों के प्राचार्यो की बैठक आयोजित की गई। बताया जाता है कि इस बैठक में सहायक संचालक सुश्री सीमा डोंगरे, बीईओ वीरेंद्र राजपूत, बीआरसी डी के पटेल, प्राचार्य प्रतुल इंदुरख्या, सुनीता पटेल भी साथ रहे। बैठक मे ड़ीईओ कुशवाहा ने कहा की सभी शासकीय एवं अशासकीय स्कूलों से मिलकर स्कूल शिक्षा विभाग संचालित है। हम सभी मिलकर आपसी सामंजस्य बनाकर एक सेतु की भांति कार्य करें। हमारे विभाग के जो भी निर्देश आते है उनका सभी अशासकीय स्कूल जरूर पालन करें। अशासकीय स्कूलों के द्वारा पुस्तकों के प्रकाशन एवं फीस की सूची बाकायदा विभाग को समय पर उपलब्ध कराई जाये एवं स्कूलों के संचालन के दौरान कोई अप्रिय स्थिति न बने इस बात का जरूर ध्यान रखे। उन्होने बैठक में बताया कि चीचली के उत्कृष्ट विद्यालय में 13 अप्रैल को सुबह 10 बजे से पुस्तक मेला आयोजित होना है। चीचली ब्लॉक अंतर्गत आने वाले सभी अशासकीय स्कूल इस मेले की जानकारी छात्र छात्राओं के अभिभावकों को अवश्य दें।

## एक साल तक जांच करने के बाद भी पुलिस ट्रक ड्राईवर की मौत के जिम्मेदार को खोजने में रही असफल, अज्ञात पर मामला दर्ज

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

कहा जाता है कि जब कोई घटना घटित होती है तो लोगों द्वारा मामले की जांच को लेकर हगामा इसलिये किया जाता है कि यदि पुलिस द्वारा तुरंत कार्यवाही कर दी.., कर दी..., नही तो मामला जांच में चला गया तो वर्षो का समय बीत जाने के बाद लक्ष्मी जी के आर्शीवाद के चलते सच्चाई कागजों में छिपकर रहने से नही चूक पायेगी और समय के साथ साथ लोग मामले की गंभीरता को नजर अंदाज करने से नही चूकते है..? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई नगर के पास पास मार्ग पर बीते हुये वर्ष यानि की जून 2025 में एक ट्रक ड्राईवर की गन्ने के खेत में करेन्ट लगने से हुई मौत को लेकर यह सच्चाई तो मौके पर ही उजागर हो गई थी कि ट्रक ड्राईवर राजतिलक तिवारी पिता लालजी तिवारी उम्र 34 साल निवासी ग्राम करौदी कला थाना बरही जिला कटनी की मौत गन्ने के खेत में फैले हुये करेन्ट के चलते ही हुई है। घटना को लेकर पुलिस द्वारा मर्ग कायम करते हुये मामले को जांच में लिया गया था। इस तरह इस घटना की जांच शुरूआती तौर से गाडरवारा पुलिस थाने में पदस्थ रहे तत्कालीन एस आई नीलेश बडकुर द्वारा की जा रही थी। मगर उनकी एक सड़क दुर्घटना में मौत होने के चलते इस मामले की जांच अन्य अधिकारियों को सौपे जाने के चलते लगभग 9 माह तक चली हुई जांच के बाद भी पुलिस इस बात को पता लगाने में असफल ही है कि आखिर कार ट्रक ड्राईवर की मौत को जिम्मेदार कौन है और अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला कायम करते हुये इतिश्री..होने के चलते मामले का आरोपी बचते हुये दिखाई देने से नही चूक पा रहा है..? इस मामले को लेकर घटना के लगभग 9 माह बाद पुलिस द्वारा बीते हुये 23 मार्च 2026 दर्ज किये गये मामले में उल्लेखित किया गया है कि मामले के अलग अलग गवाहान कथन लिये गये जिन्होने अपने कथन में बताया कि दिनांक 13/06/2025 के रात्रि 01/00 बजे कि बात है। हम सभी राजतिलक तिवारी (मृतक) रायल पैलेस के सामने खाली जगह मे ट्रक के पास मे खाना खा रहे थे । खाना खाते खाते सोनू कि राजतिलक से कहा सुनी हो गई थी तो सोनू ने गुस्से मे आकर 100 न . को बुलाया पुलिस के आने पर सायरन कि आवाज सुन कर राजतिलक तिवारी डर से रायल पैलेस के सामने खेत मे भाग गया ओर कृष्णपाल भी थोडे दूर तक उसके साथ मे गये ओर थोड़े दूर जाकर रूक गये। मृतक राजतिलक तिवारी कुछ ज्यादा ही दूर चला गया जब थोडे देर तक राजतिलक तिवारी नही आया तो कृष्णनिवासी ओर कृष्णपाल उसे ढूढने गये तो नाले के पास खेत मे राजतिलक तिवारी मुंह के बल पडा हुआ था जिसे उठाकर देखा तो उसकी सांस नही चल रही थी जिसकी मौत हो गयी थी फिर पुलिस आई संब इंस्पटेक्टर नीलेश बडकुर कि मदद से उसे उठाकर लाया गया ओर 100 डायल मे लेकर शासकीय अस्पताल गाडरवारा लाया गया जहां डॉं के द्वारा राजतिलक तिवारी को मृत घोषित कर दिया गया था राजतिलक तिवारी कि मौत रात के अंधेरा मे भागते समय नाले के पास खेत में फैले हुये करेन्ट के चलते हुई थी। इस बात की पुष्टि डाक्टर द्वारा भी की गई है। इस मामले को लेकर अपनी रिपोर्ट में दर्ज किया गया कि मामले की जांच पर पाया गया कि अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उपेक्षापूर्ण कार्य से विद्युत उपयोग हेतु प्रयोग में किये गये तार से भागते समय उलझकर मृतक राजतिलक तिवारी पिता लालजी प्रसाद तिवारी मौत हो गयी। मर्ग जांच पर अज्ञात व्यक्ति के विरूद्ध पुलिस द्वारा मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है। इस तरह देखा जावे तो घटना को 9 माह से अधिक का समय बीत जाने के बाद भी पुलिस इस बात का पता लगाने में असफल दिखाई दे रही है कि आखिरकार इस तरह लापरवाही पूर्वक खेत में बिजली करेन्ट फैलाया किसने था जिसके चलते एक व्यक्ति की जिन्दगी चली गई। सच्चाई को लेकर लोगों का कहना है कि कही ऐसा तो नही की गांधी आरबीआई के पत्रों के चलते मामले की सच्चाई जानने के बाद भी अज्ञात दिखाई दे रही हो..? खैर सच्चाई जो भी हो..., मगर घटना को 9 माह का समय बीतने के बाद भी मामले में अज्ञात आरोपी होना सच्चाई पर सबाल खड़े करने से नही चूक रहा है...?

## चित्रगुप्त प्रकटोत्सव पर निकलेगी बाइक रैली, सायंकाल होगा सम्मान समारोह




**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

स्थानीय कायस्थ समाज द्वारा आगामी 23 अप्रेल को समाज के आराध्य भगवान चित्रगुप्त का प्रकटोत्सव धूमधाम मनाने की तैयारिया की जा रही है। इस आयोजन को लेकर गत दिवस टेलीफोन एक्सचेंज के पास अरुण श्रीवास्तव के आवास पर समाज संगठन की बैठक संपन्न हुई। इस बैठक में सर्वसम्मति से इस वर्ष अनेक कार्यक्रमों के साथ चित्रगुप्त प्रकटोत्सव मनाने की रूपरेखा बनाई गई। वही तय किया गया कि जयंती दिवस पर गंगा सप्तमी और 23 अप्रेल गुरुवार को सुबह नौ बजे छिड़ावघाट नदी मोहल्ला स्थित चित्रगुप्त मंदिर से समाज के लोगों द्वारा बाइक रैली निकाली जाएगी। जो नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए वापस मंदिर पहुंचेगी। वही इसके उपरांत पूजन-अर्चन, आरती के बाद प्रसादी वितरण होगा। कार्यक्रम के द्वितीय चरण में श्रीकुटी गार्डन नए कॉलेज के सामने सांय चार बजे से पूजन-अर्चन उपरांत अनेक कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे। इस दौरान प्रमुख रूप से समाज के शतायु लोगों का सम्मान, शासकीय सेवा में उल्लेखनीय सफलता, वही वोर्ड परीक्षाओं में 90 प्रतिशत और अधिक अंकों से उत्तीर्ण प्रतिभावान बच्चों का सम्मान किया जावेगा। कार्यक्रम आयोजित करने युवाओं की टीम गठित की गई। जिसमें संदीप श्रीवास्तव, दिनेश श्रीवास्तव, प्रशांत श्रीवास्तव, सचिन श्रीवास्तव, संजय श्रीवास्तव, दिलीप श्रीवास्तव को शामिल किया गया है। बैठक में सामाजिक एकता और अन्य समाज हित के विषयों पर भी चर्चा की गई। बैठक में अध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव, कुशलेन्द्र श्रीवास्तव, पवन श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, बृजमोहन श्रीवास्तव, आशीष सक्सेना, अरुण श्रीवास्तव, प्रदीप श्रीवास्तव, संदीप खरे, शिवकुमार श्रीवास्तव, कुलदीप श्रीवास्तव सहित कामिनी निगम मनोरमा श्रीवास्तव, अभिलाषा श्रीवास्तव, मोनिका खरे और समाज के युवा उपस्थित रहे।



### पीतल के भाव लोहे की तुलाई को नजरअंदाज करना कहा तक उचित है...?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** भले ही सरकार द्वारा ग्राहकों को जागरूक रहने के साथ साथ उनकी खून पसीने की कमाई से खरीदी जाने वाली सामग्री मूल्य के भाव से सही मिले इसकी सोच रखते हुए कानून को सख्त बनाया गया है। मगर इसके बाद भी दुकानदारों द्वारा ग्राहकों को किस प्रकार से चूना लगाया जाता है इस बात का सबूत इस सच्चाई से और दूसरा देखने नही मिल सकता है? अक्सर देखा जाता है कि बाजार का खेल भी विचित्र होता है कभी चमचमाते बाजार में महत्तवहीन चीजों के दाम अधिक पाकर व्यापारी अचम्भे में आ जाते है और कभी ग्राहकों की आंखों में धूल झोंक सस्ती बस्तु मंहगे दामों में बेच दी जाती है? बताया जाता है कि इस तरह से ग्राहकों के साथ गफलत बाजी करने का माजरा बर्तन बाजार का है, जिसमें खुलेआम लोहे को पीतल के भाव बेचते हुए देखा जाता है क्योंकि की कसेड़ियों तथा हंडों के मुंह पर अंदर मढ़ी लोहे की बजनी राड को भी कुछ तथा कथित दुकानदारों द्वारा कसेड़ी के साथ तौलकर पीतल के भाव बेच दी जाती है वही दूसरी ओर जब कोई व्यक्ति अपनी पुरानी कसेडी को उसी दुकान पर बेचने के लिए पहुंचता है तो उस समय उस लोहे की राड़ को निकालकर खरीदा जाता है, जिसके चलते खरीद के समय तो आम आदमी को पीतल के पाव खरीदने के लिए मजबूर कर दिया जाता है, वही बेचने के समय अलग कर दिया जाता है। इस सच्चाई को लेकर यदि कोई ग्राहक आवाज भी उठाने का प्रयास करता है तो दुकानदारों द्वारा यह बात कही जाती है कि यह तो नियम है अब नई कसेडी से लोहे की राड को निकालकर तो तौली नही जा सकती है? इस प्रकार से चमकते बाजार में चल रही ग्राहकों के साथ गफलतबाजी को लेकर प्रशासन भी अनविज्ञ नही है मगर इस ओर शायद आज तक किसी के द्वारा कार्यवाही करने का प्रयास किया गया हो? जिसके चलते आम ग्राहक आराम से पैसे देकर पीतल की कसेड़ियों से अपने घरों की शोभा बढ़ा रहे है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) एवं नजूल अधिकारी गाडरवारा, जिला-नरसिंहपुर (म.प्र.) अनुविभागीय कार्यालय, तहसील परिसर गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर 487551
फोन न. 07791-255732,
E-mail:- sdmgadarwara121@gmail.com
राजस्व प्रकरण क्रमांक- 0039 अ-20 (4)
वर्ष:-2025-26 के तहत जारी

**ईश्तहार**

एतद द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती द्रोपती बाई कहार पति मन्धू कहार तह. गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) एवं अन्य 2 के द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि नजूल मौजा गाडरवारा नं.बं. 119, पं.ह.नं. 99/18/1 रा.नि.मं. व तह. गाडरवारा स्थित नजूल शीट क्र. 405 का पट्टा क्र. 160 अ66 वर्ष 83-84 द्वारा प्राप्त हुआ था । आवेदकगणो के पिता मन्धू आ. धनराज का दिनांक 07.10.06 को स्वर्गवास हो चुका है। आवेदकगणो के अतिरिक्त उनका अन्य कोई उत्तराधिकारी या वारसान नही है । अतः आवेदकगणो के द्वारा के पिता मन्धू आ. धनराज की फौती दर्ज कर आवेदकगणो के नाम उक्त भूखंड पर इन्द्राज किये जाने का अनुरोध किया है। अतः विधिक वारसानों का नाम नजूल अभिलेखों में नियमानुसार दर्ज किया जावें । आवेदन पत्र के साथ 100 रुपए का आवेदन शुल्क का चालान, शपथपत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति एवं नजूल मेंटनेंस खसरा की छाया प्रति प्रस्तुत की गई है। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावे प्रस्तुत करना हो तो सुनवाई दिनांक 15/04/2026 को मेरे समक्ष स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत अभिभाषक के माध्यम से विधिवत लिखित रूप से दावा/आपत्ति पुष्टि के दस्तावेजों सहित दो प्रतियों में प्रस्तुत कर सकते है । नियत समय सीमा के पश्चात प्राप्त होने वाले दावे आपत्तियों पर कोई विचार नही किया जावेगा । आज दिनांक 25/03/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी ।
जारी दिनांक - 25/03/2026
सुनवाई दिनांक- 15/04/2026

सील
अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं नजुल अधिकारी गाडरवारा



### सांगई स्कूल मे निःशुल्क पाठ्यपुस्तको का हुआ वितरण

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सांगई में मंगलवार को शासन की योजना के तहत एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में नये सत्र 2026-27 के अंतर्गत भाजपा नेता अशोक भार्गव ने शासन की निःशुल्क पाठ्यपुस्तक योजना के तहत विद्यार्थियों को पुस्तकों का वितरण किया। इस अवसर पर अरविंद गुर्जर एवं अभिषेक राकेसिया भी मौजूद रहे। पुस्तक वितरण कार्यक्रम माँ सरस्वती पूजन एवं वंदना से प्रारंभ हुआ। वही इस मौके पर भार्गव ने विद्यार्थियो से कहा कि वे नियमित रूप से स्कूल आकर अध्यापन करते हुए परीक्षा में अच्छे अंक हासिल करें। इस दौरान उन्होंने कहा कि विद्यालय के सहयोग हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। इस अवसर पर प्रधानपाठक दशरथ जाटव, मधुसूदन पटैल, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, चंद्रभूषण नामदेव, फूलवती केवट सहित स्कूल के बच्चे उपस्थित रहे।

दिल्ली पब्लिक इंटरनेशनल स्कूल गाडरवारा
CBSE बोर्ड आधारित, DPIS Org. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
कक्षा नर्सरी से कक्षा आठवीं तक
DPIS
प्रवेश प्रारंभ
विवेकानंद वार्ड, शनि मंदिर के पास, सांईधाम कॉलोनी, गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर
Mob.: 903 9230 199, 722 4021199 Email- dpsgadarwara@gmail.com

# जनसुनवाई में उठीं जन समस्याएं, 68 आवेदनों के त्वरित निराकरण के निर्देश

डिंडौरी ।कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित साप्ताहिक जनसुनवाई में जिलेभर से पहुंचे नागरिकों ने अपनी समस्याएं प्रमुखता से रखीं जिनका प्रशासन ने संवेदनशीलता के साथ निराकरण करने की पहल की। जनसुनवाई के दौरान कुल 68 आवेदन प्राप्त हुए जिन पर संबंधित विभागों को शीघ्र कार्रवाई कर समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।जनसुनवाई में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत दिव्यांशु चौधरी अपर कलेक्टर जेपी यादव एसडीएम डिंडौरी सुश्री भारती मेरावी डिप्टी कलेक्टर वैद्यनाथ वासनिक डिप्टी कलेक्टर सुश्री प्रांयशी जैन तहसीलदार शशांक शेंडे सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। जनसुनवाई में भूमि विवाद वन विभाग की कार्यवाही लंबित वेतन भुगतान स्कूल भवन की कमी सड़क अतिक्रमण और शासकीय योजनाओं से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रकरण सामने आए।ग्राम गणेशपुर के 75 वर्षीय सीताराम उर्फ भूखा ने शिकायत दर्ज कराते हुए बताया कि उनकी निजी भूमि का मामला उच्च न्यायालय में



विचाराधीन होने के बावजूद वन विभाग द्वारा वहां वृक्षारोपण कर कब्जा किया जा रहा है। उन्होंने इस कार्यवाही पर रोक लगाने और भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराने की मांग की।ग्राम कुकर्रामठ के ग्रामीणों ने भगवान ऋणमुक्तेश्वर मंदिर मार्ग से अतिक्रमण हटाने की मांग उठाई। ग्रामीणों का कहना है कि रास्ते में कांटेदार झाड़ियां और पत्थर डाले जाने से श्रद्धालुओं को आवागमन में भारी परेशानी हो रही है।वहीं ग्राम भालापुरी शिकारीटोला के ग्रामीणों ने प्राथमिक शाला भवन नहीं होने की समस्या को गंभीर बताते हुए कहा कि बीते दो वर्षों से बच्चे अस्थायी छप्पर के नीचे पढ़ाई करने को मजबूर हैं जिससे उनके स्वास्थ्य और शिक्षा दोनों प्रभावित हो रहे हैं। ग्रामीणों ने शीघ्र नवीन भवन निर्माण की मांग की।जनसुनवाई में एक महिला द्वारा गौशाला और पशु शेड निर्माण के लिए सहायता राशि की मांग की गई जबकि आउटसोर्स कर्मचारियों ने कई महीनों से वेतन लंबित होने की शिकायत दर्ज कराई।इसके अलावा सुशीला बाई ने कर्मकल्याण योजना के तहत सहायता दिलाने तथा किसान इतवारी ने लंबे समय से काबिज वनभूमि का पट्टा दिलाने की मांग रखी।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया ने सभी प्रकरणों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को जांच कर शीघ्र निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट किया कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान किया जाए और प्रत्येक प्रकरण में पारदर्शिता तथा निष्पक्षता बनाए रखी जाए।

## खबर संक्षेप

### शहपुरा में आदर्श पुनर्विवाह का आयोजन झारिया सेवा समिति की पहल बनी मिसाल

शहपुरा। शहपुरा बदलते सामाजिक परिवेश में जहां एक ओर कुरीतियां अब भी समाज को जकड़े हुए हैं वहीं झहपुरा में झारिया सेवा समिति ने एक प्रेरणादायक पहल करते हुए आदर्श पुनर्विवाह का आयोजन कर नई दिशा प्रस्तुत की है। पांच अप्रैल 2026 को झारिया धर्मशाला में संपन्न यह विवाह केवल दो जीवनों का मिलन नहीं रहा बल्कि सामाजिक सोच में बदलाव का सशक्त संदेश भी बनकर सामने आया।समिति के मार्गदर्शन में ग्राम मानिकपुर निवासी दिनेश कुमार पिता जगेंद्र प्रसाद तथा ग्राम जिमरा निवासी नेहा बाई पिता धर्मेंद्र कुमार का विवाह हिंदू रीति रिवाजों और आपसी सहमति से पूर्ण विधि विधान के साथ संपन्न कराया गया। इस अवसर पर क्षेत्र के गणमान्य नागरिक समाज के वरिष्ठजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने नवदंपति को आशीर्वाद देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की।झारिया सेवा समिति की यह पहल समाज में व्याप्त पुरानी धारणाओं को तोड़ते हुए यह संदेश देती है कि पुनर्विवाह न केवल स्वीकार्य है बल्कि जरूरतमंदों के लिए एक नई शुरुआत का अवसर भी है। इस आयोजन से झारिया मेहरा समाज सहित पूरे क्षेत्र में सकारात्मक चर्चा हुई है और इसे सामाजिक परिवर्तन की दिशा में एक मजबूत कदम माना जा रहा है।

### जनभागीदारी से बोरी बंधान कार्य संपन्न, जल संरक्षण का लिया संकल्प

डिंडोरी । ग्राम जाताडोंगरी में जल संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जनभागीदारी के तहत बोरी बंधान कार्य सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। यह कार्य मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद्ए विकासखंड समनापुर के निर्देशन में संचालित जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत किया गया। कार्यक्रम के तहत नवांकुर संस्था समाज कल्याण संस्थान मोहगांवए सेक्टर 05 बम्हनी द्वारा ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति बरगा के सदस्यों के सहयोग से जल्दा नाला में 20 बोरियों का बोरी बांध बनाया गया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जल संरक्षण को बढ़ावा देना तथा ग्रामीण क्षेत्र में पशुओं के लिए स्वच्छ पानी की उपलब्धता सुनिश्चित करना है।इस दौरान उपस्थित ग्रामीणों को जल संरक्षण के महत्व के बारे में जागरूक करते हुए शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम में विकासखंड समन्वयक मंजूलता रावए नवांकुर संस्था प्रभारी रामकुमार मरकामए इंटर्न हरि यादवए परामर्शदाता शिवकुमार एवं डॉली पनरिया सहित ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के सदस्य और बड़ी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

## छह महीने बाद भी नहीं आई जांच रिपोर्ट कछारी पंचायत में भ्रष्टाचार पर उठे सवाल



शहपुरा।जनपद पंचायत शहपुरा के अंतर्गत ग्राम पंचायत कछारी में कथित भ्रष्टाचार और निर्माण कार्यों में अनियमितताओं की जांच को लेकर प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों की शिकायत पर गठित जांच टीम ने करीब छह महीने पहले मौके पर पहुंचकर जांच की थी लेकिन आज तक जांच प्रतिवेदन न तो सार्वजनिक किया गया है और न ही जिला पंचायत को भेजा गया है।जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कछारी में विकास कार्यों में अनियमितता घटिया निर्माण और वित्तीय गड़बड़ी की शिकायत ग्रामीणों ने जिला कलेक्टर से की थी। इसके बाद जिला स्तर पर जांच टीम गठित की गई। जनपद पंचायत शहपुरा के एपीओ अपनी टीम के साथ गांव पहुंचे संबंधित निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और पंचनामा तैयार कर वापस लौट गए।

जांच के लगभग छह महीने बीत जाने के बाद भी रिपोर्ट सामने नहीं आई है और न ही किसी प्रकार की प्रशासनिक कार्रवाई की गई है जिससे ग्रामीणों में असंतोष बढ़ता जा रहा है। इस संबंध में एपीओ का कहना है कि जांच पूरी कर ली गई है और रिपोर्ट तैयार है जिसे जल्द ही जिला पंचायत को भेजा जाएगा। लंबे समय तक रिपोर्ट लंबित रहने से ग्रामीणों को संदेह है कि मामले में जानबूझकर देरी की जा रही है।ग्रामीणों का आरोप है कि पंचायत में हुए कथित भ्रष्टाचार को दबाने और दोषियों को बचाने के लिए जांच प्रक्रिया में टालमटोल की जा रही है। उनका कहना है कि समय रहते निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई नहीं की गई तो वे आंदोलन करने के लिए मजबूर होंगे।ग्रामीणों ने कई सवाल भी उठाए हैं। छह महीने बाद भी जांच रिपोर्ट क्यों नहीं आई। क्या जांच केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

## कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में अशासकीय विद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित

डिंडौरी ।कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट ऑडिटोरियम में अशासकीय हाई एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले के सीबीएसई आईसीएसई एमपी बोर्ड सहित अन्य बोर्ड से संबद्ध विद्यालयों की नवीन मान्यता अपग्रेडेशन तथा सत्र 2027.28 के नवीनीकरण से जुड़े विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। इस अवसर पर जिले के सभी अशासकीय विद्यालयों के प्राचार्य और प्रतिनिधि मौजूद रहे।बैठक में कलेक्टर ने बीईओ और बीआरसी को निर्देश दिए कि सभी विद्यार्थियों का शत प्रतिशत आधार अपडेट किया जाए तथा अपार आईडी बनाई जाए। साथ ही कक्षा 1 से 8 तक शत प्रतिशत नामांकन 30 अप्रैल 2026 तक एजुकेशन पोर्टल 3०0 पर अपलोड किया जाए।कलेक्टर ने स्पष्ट कहा कि कोई भी विद्यालय शासन द्वारा निर्धारित दर से अधिक फीस अभिभावकों से न वसूले। यदि अधिक शुल्क वसूला जाता है तो संबंधित विद्यालय पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। सभी विद्यालयों को शासन के नियमों के पालन से संबंधित शपथ पत्र एजुकेशनल पोर्टल पर अनिवार्य रूप से अपलोड करने के निर्देश भी दिए गए।उन्होंने कहा कि विद्यालय केवल 10 माह के संचालन के अनुसार ही शुल्क लें और किसी प्रकार की मनमानी फीस न वसूली जाए।



विद्यार्थियों के आधार कार्ड और अन्य आवश्यक दस्तावेजों का पूरा संकलन कर उन्हें पोर्टल पर अपलोड करना भी सुनिश्चित किया जाए।

निजी विद्यालयों के वाहनों को लेकर भी कलेक्टर ने सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि वाहन चालक निर्धारित मानकों के अनुरूप योग्य हों और सभी सुरक्षा नियमों का पालन अनिवार्य रूप से किया जाए।बैठक में यह भी निर्देश दिए गए कि किसी भी छात्र या छात्रा को किसी विशेष दुकान से पुस्तकें यूनिफॉर्म या अन्य सामग्री खरीदने के लिए बाध्य न किया जाए बल्कि उन्हें स्वतंत्र रूप से खरीदने की सुविधा दी जाए।

कलेक्टर ने प्रत्येक अशासकीय विद्यालय में बाल सुरक्षा समिति और पॉक्सो समिति का गठन अनिवार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही विद्यालयों के मुख्य द्वार पर बाल सुरक्षा यौन शोषण से संरक्षण और राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के दिशा निर्देशों से संबंधित फ्लेक्स बोर्ड लगाने पर जोर दिया।इसके अलावा विद्यालयों में योग्य और पात्र शिक्षकों की नियुक्ति लाइब्रेरी और खेल मैदान की उपलब्धता तथा शैक्षणिक और सह शैक्षणिक गतिविधियों के नियमित संचालन को सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती सुमन परस्ते डीपीसी श्रीमती श्वेता अग्रवाल बीईओ बीआरसी प्राचार्य और अन्य संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एबीवीपी के कार्यकताओं ने किया चक्काजाम, दो घंटे आवागमन प्रभावित



अमरपुर। शासकीय महाविद्यालय अमरपुर के आखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के कार्यकताओं द्वारा मंगलवार ;साप्ताहिक हाट बाजारद्ध को दोपहर चक्का जाम किया गया। जिससे लगभग दो घंटे आवागमन पूरी तरह प्रभावित रहा। इस दौरान यात्रीगण एवं आमजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एबीवीपी के कार्यकताओं का मुख्य आरोप था कि महाविद्यालय का नवनिर्मित भवन जोकि एक वर्ष पूर्व ही बनकर तैयार हो चुका हैं। इसके बावजूद अब तक उसका हस्तांतरण नहीं किया गया हैं। जिससे महाविद्यालय वर्तमान समय में जर्जर हाई स्कूल भवन में कक्षाएं संचालित हो रही हैं। जिससे छात्रों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा हैं। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने नए भवन में शीघ्र कक्षाएं संचालित करने की मांग करते हुए चक्काजाम कर विरोध प्रदर्शन किया। जहां पर यह भी कहा गया कि जनप्रतिनिधि द्वारा लोकार्पण होने के उपरांत ही हस्तांतरण किया जाना हैं। जिस पर एबीवीपी के कार्यकर्ताओं का कहना था कि जनप्रतिनिधि ही लोकार्पण क्यों करेंगे घ महाविद्यालय के किसी उत्कृष्ट छात्र के हाथों लोकार्पण कराकर संस्था का संचालन प्रारंभ कराया जाये। प्रदर्शन के दौरान मौके पर कार्यपालिक मजिस्ट्रेट शैलेश गौरए थाना प्रभारी समनापुर हरिशंकर तिवारी एवं पुलिस चौकी अमरपुर प्रभारी संतोष यादव के समझाइश एवं जल्द ही समाधान का आश्वासन के बाद चक्का जाम समाप्त किया गया। इस संबंध में प्रशासन द्वारा जानकारी दी कि चक्काजाम की सूचना भी नहीं दी गई। अचानक चक्काजाम होने पर यात्रीगणों व आमजनों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। एबीवीपी के कार्यकर्ताओं द्वारा एसडीएम डिंडौरी के नाम ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें नए भवन का शीघ्र लोकार्पण कर संस्था को हस्तांतरण किया जाये। महाविद्यालय के कबड्डी छात्रों को मेटी की व्यवस्था शीघ्र कराएं जाने आदि की मांग की गई हैं।

## ग्राम चांड़ा में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित 54 आवेदनों का त्वरित निराकरण

डिंडौरी। चांड़ा क्षेत्र के आम नागरिकों की स्थानीय समस्याएं लगातार जनसुनवाई और अन्य माध्यमों से प्राप्त हो रही थीं इन समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और एसडीएम बजाग अक्षय डिगरसे के मार्गदर्शन में जनपद पंचायत बजाग के अंतर्गत ग्राम चांड़ा के ग्राम पंचायत भवन में जन समस्या निवारण शिविर आयोजित किया गया। शिविर में विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे और ग्रामीणों की समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया गया।प्रातः 11 बजे से शुरू हुए इस शिविर में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बजाग की उपस्थिति में ग्राम पंचायत महिला एवं बाल विकास शिक्षा स्वास्थ्य पुलिस पंचायत एवं ग्रामीण विकास खाद्य विद्युत वन और राजस्व विभाग के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। ग्राम चांड़ा के साथ तातर और सिलपिड़ी के ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं।

अनुविभागीय अधिकारी ने सभी शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित विभागों के माध्यम से त्वरित निराकरण कराया। ग्राम चांड़ा में नेटवर्क समस्या को देखते हुए बीएसएनएल



और जियो के अधिकारियों से समन्वय कर शीघ्र सुधार के निर्देश दिए गए।स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चांड़ा में सप्ताह में तीन दिन डॉक्टर और स्वास्थ्य कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने का आश्वासन दिया गया। साथ ही मनरेगा के अंतर्गत नई योजनाओं की जानकारी भी ग्रामीणों को दी गई।दादरटोला में पेयजल समस्या की शिकायत मिलने पर खराब हैंडपंपों को तुरंत सुधारने के निर्देश दिए गए। किसान सम्मान निधि से वंचित हितग्राहियों के लिए पटवारी को सर्वे कर पात्र किसानों को लाभ दिलाने के निर्देश दिए गए। विद्युत समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित विभाग को भी त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए गए।शिविर में कुल 54 आवेदन प्राप्त हुए जिनमें जॉब कार्ड में नाम जोड़ने के 35 आवेदन समग्र आईडी में नाम जोड़ने के 2 आवेदन नल कनेक्शन के 2 आवेदन सड़क निर्माण का 1 आवेदन पोषण आहार के 2 आवेदन राशन कार्ड में नाम जोड़ने के 2 आवेदन तथा जाति लाभांश के 10 आवेदन शामिल रहे। अधिकांश आवेदनों का समाधान शिविर स्थल पर ही कर दिया गया।इस शिविर के माध्यम से प्रशासन ने ग्रामीणों की समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए जनसेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया।

## मिशन शक्ति के तहत सामुदायिक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

डिंडौरी । कलेक्टर श्रीमती अंजू पवन भदौरिया के निर्देशन और जिला कार्यक्रम अधिकारी श्याम सिंगौर के मार्गदर्शन में वन स्टॉप सेंटर द्वारा मिशन शक्ति के अंतर्गत सामुदायिक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन आंगनबाड़ी केंद्र दुनिया बघाड़ सेक्टर सारसताल विकासखंड डिंडोरी में किया गया जिसमें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बालिकाएं और



बड़ी संख्या में महिलाएं उपस्थित रहीं।कार्यक्रम के दौरान वन स्टॉप सेंटर प्रशासक श्रीमती सविता धार्वे ने महिलाओं और बालिकाओं को मिशन शक्ति के अंतर्गत संचालित योजनाओं संबल और सामर्थ्य के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बाल विवाह मुक्त भारत अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराते हुए बाल विवाह के सामाजिक स्वास्थ्य और कानूनी दुष्परिणामों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बाल विवाह एक गंभीर सामाजिक कुरीति है और यह कानूनन दंडनीय अपराध भी है इस अवसर पर महिलाओं और बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर द्वारा प्रदान की जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी गई। साथ ही महिला हेल्पलाइन नंबर 181 चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098 और वन स्टॉप सेंटर हेल्पलाइन नंबर 7828195167 के बारे में भी विस्तार से बताया गया ताकि आवश्यकता पड़ने पर तुरंत सहायता मिल सके।कार्यक्रम के अंत में सभी महिलाओं और बालिकाओं को बाल विवाह जैसी कुरीतियों के खिलाफ जागरूक रहने और इसके उन्मूलन के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दिलाया गया।कार्यक्रम में महिला एवं बाल विकास परियोजना डिंडोरी के अंतर्गत सेक्टर सारसताल की पर्यवेक्षक श्रीमती सकुन सिरसाम भी उपस्थित रहीं।

## डिंडोरी के किसानों को नागपुर में गौ विज्ञान आधारित प्रशिक्षण

डिंडौरी । कृषक कल्याण वर्ष 2026 के अंतर्गत आत्मा परियोजना के तहत जिला प्रशासन के निर्देशन में डिंडोरी जिले के किसानों के लिए राज्य के बाहर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसी क्रम में किसानों का एक दल महाराष्ट्र के नागपुर स्थित गो विज्ञान अनुसंधान केंद्र देवलापार में प्रशिक्षण प्राप्त करने पहुंचा।यह संस्थान देश के प्रमुख केंद्रों में शामिल है जहां गायों के संरक्षण पंचगव्य तथा गौ आधारित औषधियों और उपयोगी उत्पादों पर वैज्ञानिक शोध किया जाता है। प्रशिक्षण के दौरान विशेषज्ञों ने किसानों को गौ आधारित कृषि और उत्पादों की व्यापक संभावनाओं से अवगत कराया।किसानों को गौमूत्र और गोबर से विभिन्न उपयोगी उत्पाद तैयार करने की विधियां व्यवहारिक रूप से सिखाई गईं। प्रशिक्षण में वर्मी कम्पोस्ट नाडेप खाद मटका तरल खाद सहित जैविक खाद निर्माण की तकनीकों की जानकारी दी गई। साथ ही इन



उत्पादों के वैज्ञानिक उपयोग और खेती में होने वाले लाभों पर भी विस्तार से प्रकाश डाला गया।प्रशिक्षण सत्र में गौ कृपामृतम बनाने की विधि उसके उपयोग और फसलों पर इसके सकारात्मक प्रभावों की जानकारी भी दी गई। किसानों ने प्रशिक्षण को उपयोगी बताते हुए इसे अपने खेतों में अपनाने की बात कही।इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को जैविक खेती को बढ़ावा देना प्राकृतिक संसाधनों का बेहतर उपयोग सुनिश्चित करना और उनकी आय बढ़ाने के नए अवसर उपलब्ध कराना है।

## खबर संक्षेप

### स्टार फेस ऑफ मध्य प्रदेश का आयोजन



**नरसिंहपुर।** गत दिवस स्टार फेस ऑफ मध्य प्रदेश और ग्लोरियस ऑफ द ईयर सीजन 1 का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीदेवी उपाध्याय के नेतृत्व में किया गया। जिन्होंने महज 16 वर्ष की अल्पायु में अपनी कड़ी मेहनत और विजन से इस बड़े स्तर के फैशन शो को सफलतापूर्वक आयोजित कर मिसाल कायम की। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अभिनेता विवेक नीखरा, नेतराम पटेल, सिद्धांत पटेल, साहिल पटेल, गगन कुशवाहा, स्वर्पणा एवं श्रृंखला कटारे उपस्थित रहीं। कार्यक्रम में निर्णायक मंडल में प्रतिभा लोधी, पलक बैरागी, साक्षी मेहरा और अंशिका चैधरी शामिल रहीं। प्रतियोगिता में श्रुति उपाध्याय शो टॉपर रहीं, वहीं आरोही खत्री को मिस एक्टिवनेस ऑफ द ईयर चुना गया। मिस कैटेगरी श्वेता सेन प्रथम, निशा लोधी द्वितीय, प्रांजली पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। टीन कैटेगरी वंशिका पटेल प्रथम, खुशी नामदेव द्वितीय, एवं माही पटेल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। किड्स कैटेगरी टॉप 3 में कनिका राजपूत, मेघा लोधी और नियति ठाकुर ने जगह बनाई। मेकअप में शिवानी कहार, मुस्कान ठाकुर, दीपा सराठे और प्रियंका भारती ने अपने जादुई मेकअप हुनर से प्रतिभागियों को एक ग्लैमरस लुक दिया। कार्यक्रम का संचालन एंकर अनुराग द्विवेदी एवं आभार श्रीदेवी उपाध्याय ने किया।

### ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप आराध्या ने जीते दो स्वर्ण पदक



**नरसिंहपुर।** रोशन धौरेलिया वर्ल्ड स्कूल की छात्रा आराध्या जाट ने दिल्ली स्टेट ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप 2026 में शानदार प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए। यह प्रतियोगिता 3 से 5 अप्रैल के बीच जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, दिल्ली में आयोजित हुई। आराध्या ने अपनी मेहनत, अनुशासन और खेल के प्रति समर्पण का बेहतरीन उदाहरण पेश किया। प्रतियोगिता में देशभर के प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के बीच उन्होंने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जीत हासिल की। इस उपलब्धि से न केवल विद्यालय, बल्कि पूरा क्षेत्र गौरवान्वित महसूस कर रहा है। विद्यालय प्रबंधन, शिक्षकों और अभिभावकों ने आराध्या को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि आराध्या की यह सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा है। अगर इसी तरह निरंतर मेहनत जारी रही, तो वह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी प्रदेश का नाम रोशन करेंगी।

### नहीं रहे कमल पटेल



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस समीपी ग्राम खैरी नाका निवासी कमल सिंह पटेल का अस्वस्थता के चलते निधन हो गया। आप पूर्व सरपंच एवं भाजपा करेली ग्रामीण के पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्रजेश पटेल के पिता श्री थे। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में किया गया जहां पर समाज के सभी वर्गों द्वारा श्रद्धांजलि दी।

## जनसुनवाई की व्यवस्था पर खड़े हुए सवाल

# जनसुनवाई में आए ग्रामीणों के हाथ लगी चिलचिलाती धूप

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।







वैशाख मास कृष्णपक्ष की पंचमी को जिला प्रशासन का नया कारनामा देखने को मिला। वैसे तो वैशाख माह बड़ा ही पुनीत व पावन माह भी माना जाता है। वैशाख के माह में लोग राहगीर, पशु, पक्षी के लिए पानी की उत्तम व्यवस्था करता है माना जाता है कि वैशाख माह में जीव सेवा है पुण्य होता है लेकिन कलेक्ट्रेट में अपनी पीड़ा लेकर आये ग्रामीणों को सुविधाओं की जगह चिलचिलाती धूप मिली और बाद मे अधिकारियों का आश्वासन प्राप्त हुआ। पीड़ितों ने यह सोचकर जनसुनवाई आए थे कि अधिकारियों को अपनी पीड़ा सुनाकर समस्या का हल मिल जावेगा। परन्तु कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचने पर उन्हे चिलचिलाती धूप में खड़ा होना पड़ा उन्होने यह कष्ट भी मुस्कुराकर सहन कर लिया कतार मे लगकर आवेदन दिया तो अधिकारियों ने उन्हे कार्रवाई का आश्वासन देकर चलता कर दिया।

### धूप में खड़े रहे पीड़ित

कलेक्ट्रेट कार्यालय में आयोजित होने वाली साप्ताहिक जनसुनवाई अब आम जनता के लिए किसी सजा से कम साबित नहीं हो रहा है। भीषण गर्मी के इस मौसम में जहां पारा लगातार चढ़ रहा है, वहीं जिला प्रशासन की संवेदनहीनता ने दूर-दराज के गांवों से अपनी फरियाद लेकर आने वाले गरीब ग्रामीणों की मुश्किलें और बढ़ा दी हैं। पूर्व में जनसुनवाई के लिए एक व्यवस्थित हॉल निर्धारित था, जहां पर्याप्त बैठक व्यवस्था और पंखों की हवा से आवेदकों को राहत मिलती थी। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने अपनी सुविधा के अनुसार इस व्यवस्था में बड़ा परिवर्तन कर दिया है। अब अधिकारी स्वयं तो बंद और ठंडे एसी कमरों में बैठकर लोगों की समस्याएं सुन रहे हैं, जबकि अपनी गुहार लेकर आए बुजुर्गों, महिलाओं और किसानों को खुले आसमान के नीचे तपती धूप में बैठने को मजबूर होना पड़ रहा है।

### प्रशासन की व्यवस्था पर सवाल

मंगलवार को आयोजित जनसुनवाई के दौरान कलेक्ट्रेट परिसर का नजारा प्रशासन की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल खड़े कर रहा था। कड़कड़ाती धूप और गर्म हवाओं के बीच घंटों कतार में खड़े रहने और जमीन पर बैठने के कारण कई आवेदकों की हालत खराब होती दिखी। हद तो तब हो गई जब छांव की कोई उचित व्यवस्था न होने के कारण वहां मौजूद कुछ महिलाओं को धूप से बचने के लिए परिसर में लगे वृक्षों की पत्तियों और आंचल का सहारा लेना पड़ा। ग्रामीणों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए बताया कि वे अपनी छोटी-मोटी समस्याओं के समाधान की उम्मीद में मीलों दूर से बस और अन्य साधनों से कलेक्ट्रेट पहुंचते हैं, लेकिन यहां की अव्यवस्था देखकर ऐसा प्रतीत होता है कि प्रशासन को आम जनता की तकलीफों से कोई सरोकार नहीं है। पूर्व में जिस हॉल में जनसुनवाई होती थी, वहां अधिकारियों को भी जनता के बीच उसी सामान्य पंखे की हवा में बैठना पड़ता था, शायद इसी असुविधा से बचने के लिए जनसुनवाई का स्थान बदलकर सुरक्षित और ठंडे कमरों तक सीमित कर दिया गया है।

### चिलचिलाती धूप से मिले मुक्ति

आवेदकों का कहना है कि एक ओर सरकार सुशासन और अंतिम छोर के व्यक्ति की चिंता करने का दावा करती है, वहीं दूसरी ओर जिला मुख्यालय पर ही मानवता को शर्मसार करने वाली ऐसी तस्वीरें सामने आ रही हैं। भीषण गर्मी में लू और संक्रमण के खतरे के बीच इस तरह की अव्यवस्था किसी बड़े हादसे को आमंत्रण दे सकती है। जनसुनवाई में आए पीड़ितों ने पुरजोर मांग की है कि प्रशासन अपनी हठधर्मिता और एसी कल्चर को त्यागकर पुनः पुराने जनसुनवाई हॉल में सुनवाई शुरू करे, ताकि गरीब और बेबस लोगों को इस चिलचिलाती धूप और मानसिक प्रताड़ना से मुक्ति मिल सके। यदि समय रहते बैठने और शीतल जल की उचित व्यवस्था दुरुस्त नहीं की गई, तो जनता का प्रशासन पर से भरोसा उठना तय है।

## जिले में ना हो बाल विवाह



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** कलेक्टर श्रीमती रजनी सिंह ने जिले में बाल विवाह रोकने के लिए विवाह में अपनी सेवाएं देने वाले पंडित, मौलवी, कॉजी व अन्य धर्मगुरू, शादी की पत्रिका छापने वाले प्रिंटिंग प्रेस, हलवाई, केटरर, घोड़ी, शादी में किराए से अपने वाहन लगाने वालों, बैंड-बाजा, डीजे, मैरिज गार्डन, ब्यूटी पार्लर, सभी समाजों के मुखिया, वरिष्ठ नागरिक, समाज के सम्मानीय नागरिक, रिश्तेदारध्नातेदार सभी से अपील की है कि बालक-बालिका की उम्र स्कूल की मार्कशीट अंकसूची या जन्म प्रमाण पत्र देकर ही अपनी सेवाएं दें या विवाह में शामिल हों। बाल विवाह होने पर एक तरफ बालक-बालिका की शिक्षा पर अंकुश लग जाता है, तो वहीं दूसरी ओर बालिका के गर्भ धारण कर लेने से जान जाने का खतरा भी रहता है। इसके अलावा जन्म लेने वाले बच्चे भी कुपोषित होने की संभावना रहती है। कलेक्टर ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 के अनुसार 18 वर्ष से कम उम्र आयु की बालिका और 21 वर्ष से कम उम्र आयु का बालक का विवाह करना बाल विवाह की श्रेणी में आता है। यह कानून अपराध है। ऐसा अपराध करने पर नियमानुसार सजा व अर्थदंड का प्रावधान है।

# मंडी अव्यवस्थाओं से परेशान किसानों ने किया हंगामा



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस कृषि उपज मंडी में अव्यवस्थाओं से परेशान होकर किसानों ने जमकर हंगामा किया। उपज रखने की जगह न मिलने और व्यापारियों के रवैये को लेकर किसानों और मंडी प्रबंधन के बीच काफी देर तक खींचतान चलती रही। किसानों का आरोप है कि मंडी के शेडों में पहले से ही व्यापारियों का पुराना अनाज भरा हुआ है। इसकी वजह से जब किसान अपना गेहूं लेकर पहुंचे, तो उन्हें अनाज रखने के लिए कोई खाली जगह नहीं मिली। मजबूरी में किसानों ने अपना गेहूं मंडी की गैलरी में रख दिया, लेकिन व्यापारियों ने यह कहकर बोली लगाने से मना कर दिया कि वहां बोली नहीं लगेगी। किसान रमेश कुमार चैधरी ने बताया कि वे करीब 100 क्विंटल गेहूं लेकर मंडी आए थे। उन्होंने आरोप लगाया कि घंटों इंतजार के बाद भी न तो उनके गेहूं की तौल हुई और न ही व्यापारियों ने बोली लगाई। किसानों ने मांग की है कि मंडी में जगह तय की जाए और सूचना बोर्ड लगाए जाएं ताकि उन्हें पता रहे कि अनाज कहां रखना है। हंगामे के बाद मंडी सचिव देवेंद्र ठाकुर ने दखल दिया और स्थिति को संभाला। उन्होंने सफाई देते हुए कहा कि कुछ किसानों ने गैलरी में अनाज रख दिया था, जिससे दिक्कत हुई थी। हालांकि, बाद में व्यापारियों को समझाकर गैलरी में रखे माल की भी बोली लगवा दी गई और विवाद शांत कराया गया। किसानों ने भविष्य में ऐसी अव्यवस्था न होने देने की अपील की है।

# गोटेगांव स्कूलों की लूट पर प्रशासन की चुप्पी

गोटेगांव।




नगर में शिक्षा व्यवस्था अब सेवा के बजाय एक संगठित व्यापार का रूप लेती नजर आ रही है। क्षेत्र के कई निजी स्कूल अपनी मनमानी करते हुए निजी प्रकाशकों की महंगी पुस्तकें छात्रों पर थोप रहे हैं। आरोप है कि इन पुस्तकों के माध्यम से स्कूल प्रबंधन को लाखों रुपये का कमीशन मिल रहा है।जानकारी के अनुसार, स्कूलों द्वारा NCERT की पुस्तकों को नजरअंदाज कर निजी पब्लिशर्स से गठजोड़ किया जा रहा है। इसके चलते अभिभावकों को जरूरत से ज्यादा महंगी किताबें खरीदने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। मध्यम एवं निम्न वर्गीय परिवारों पर इसका सीधा आर्थिक बोझ पड़ रहा है।स्थिति यह है कि बोर्ड कक्षाओं को छोड़ दें तो अधिकांश कक्षाओं में NCERT की किताबें लगभग गायब हो चुकी हैं। निजी स्कूल और प्रकाशक मिलकर अभिभावकों को एक तरह से जाल में फंसा रहे हैं। स्कूल प्रबंधन अपनी कमीशनखोरी के चलते अभिभावकों पर इन महंगी पुस्तकों को जबरन लागू कर रहा है।इस पूरे मामले में प्रशासन का रवैया अब तक उदासीन बना हुआ है। स्थानीय स्तर पर किसी भी बड़े निजी स्कूल के खिलाफ ठोस कार्रवाई नहीं की गई है, जिससे स्कूल संचालकों के हौसले बुलंद हैं।इधर अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि निजी स्कूलों में चल रही पुस्तकों और उनकी कीमतों की औचक जांच की जाए। साथ ही NCERT की पुस्तकों को अनिवार्य रूप से लागू कराया जाए और नियमों का उल्लंघन करने वाले स्कूलों की मान्यता रद्द करने की कार्रवाई की जाए।




# विधायक ने विधान में शामिल होकर किया आरती वंदन

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस डोभी में चल रहे श्री सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्व शांति महायज्ञ में पधारे क्षेत्रीय विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने शामिल होकर पूजन अर्चन और श्री जी की आरती वंदन किया।सकल दिगम्बर जैन समाज द्वारा विधायक का सम्मान किया।इस मौके पर सहायक अभियंता गाडरवारा पी के लोधी जेई प्रतिभा पारदे वंदना पटेल नेतराज सिंह अमर सिंह पटेल बलराम बाठा गेंदालाल बाठा धनीराम शर्मा कमलेश पटेल महादेव सुरेश पटेल सोनू सोनी कमलेश शर्मा सौरभ पटेल पवन विश्वकर्मा मनीष बाठाआदि उपस्थित थे।

# क्षेत्र में सतत संपर्क में रहते हुए बेहतर व्यवस्था और अच्छी छवि बनायें, अधिकारियों ने लाइनमैनों को दिए सख्त निर्देश

तेंदूखेड़ा



विद्युत आपूर्ति को लेकर आये दिन अघोषित कटौती और मेंटनेंस के नाम पर दिन भर बिजली बंद रखना आम बात हो गई है। जिससे उपभोक्ताओं में विद्युत अधिकारियों के प्रति अविश्वास बढ़ता चला जा रहा है।इस विषय को गंभीरता से लेते हुए और विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने एवं उपभोक्ताओं की समस्याओं के त्वरित समाधान को लेकर सहायक अभियंता गाडरवारा पी के लोधी द्वारा लाइनमैनों की एक महत्वपूर्ण बैठक ली गई। जिसमें बिजली आपूर्ति मरम्मत कार्यों की स्थिति एवं उपभोक्ताओं से मिल रही शिकायतों पर विस्तार से चर्चा की गई। सहायक अभियंता ने कहा कि गर्मी के मौसम में बिजली की मांग बढ़ जाती है। ऐसे में निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करना विभाग की प्राथमिक जिम्मेदारी है। सभी लाइनमैनों को निर्देश दिए कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित निगरानी रखें और किसी भी खराबी को तुरंत दुरुस्त करें। और उपभोक्ताओं से सतत संपर्क संवाद बनाए रखें।मेंटेनेंस के नाम पर अनावश्यक बिजली कटौती नहीं होनी चाहिए। जहां भी आवश्यक हो पूर्व सूचना देकर ही शटडाउन लिया जाए। ताकि आम जनता को परेशानी का सामना न करना पड़े। साथ ही ट्रांसफार्मर लाइन एवं अन्य उपकरणों की समय-समय पर जांच करने के निर्देश भी दिए गए।बकाया बसूली पर जोर देते हुए कहा कि बकाया दारों से चर्चा कर समाधान योजना के तहत जानकारी रखते हुए योजना के लाभ के बारे में बतायें। अधिकारियों ने सभी कर्मचारियों से समन्वय बनाकर कार्य करने और विभाग की छवि को बेहतर बनाने की अपील की। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी के सहयोग से क्षेत्र में बिजली व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकेगा।

# पुस्तक मेले में पहुंचे केवल दो ही विक्रेता निजी, प्रकाशनों की पुस्तकें नदारद








तेंदूखेड़ा

एक ही छत के नीचे शासकीय और प्राइवेट स्कूलों के छात्रों को रियायत दरों पर पुस्तकें और कापियां स्कूल ड्रेसें और सामग्री उपलब्ध हो लेकर शासन द्वारा पुस्तक मेलों की अभिनव पहल की जा रही है। लेकिन प्राइवेट स्कूलों और निजी प्रकाशनों के विक्रेताओं की मोनोपाली मनमानी के चलते इस पहल पर पलीता लगता हुआ नजर आ रहा है। मंगलवार को तेंदूखेड़ा के शासकीय कन्या विद्यालय के दो कक्षों में लगे इस मेले में मात्र दो ही दुकानदार अपनी दुकानें लेकर पहुंचे जिसमें केवल पाठ्य पुस्तक निगम की पुस्तकें और कापियां देखनें को मिली जबकि क्षेत्र में चलने वाले विभिन्न प्राइवेट स्कूलों में चलने वाली निजी प्रकाशनों की पुस्तकें नदारत मिलीं। और विभिन्न स्कूलों की ड्रेसें भी देखनें नहीं मिलीं।साथ ही इन विद्यालयों के द्वारा मेले लगने के चंद घंटे पूर्व ही निजी प्रकाशनों की पुस्तकों की सूचियां भेजी लेकिन विक्रेताओं के पास उपलब्ध नहीं थी। मेले में पहुंचे अविभावकों का कहना था कि प्राइवेट स्कूलों की पुस्तकें और ड्रेसें भी उपलब्ध कराईं जानी चाहिए थी क्योंकि निजी स्कूल संचालकों द्वारा स्कूलों में ही या किसी एक ही दुकान से पुस्तकें खरीदने के लिए विवश किया जाता है।

### जून माह में फिर से लगेंगे मेलें

मेले में दुकानों की संख्या और सभी स्कूलों की सभी प्रकार की पुस्तकें उपलब्ध ना होने पर ऐतराज जताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी ने स्पष्ट किया कि आगामी जून माह में फिर से तैयारी के साथ दो दिवसीय वृहद स्तर पर मेला लगाया जायेगा। और क्षेत्र तथा बाहर के भी विक्रेताओं को आमंत्रित किया जायेगा। इस मौके पर विकास खंड शिक्षा अधिकारी पंचम सिंह मरावी बी आर सी सुनील श्रीवास्तव प्रभारी प्राचार्य श्रीमती रश्मि शर्मा राजेश सेन अशोक रघुवंशी जगदीश साहू जितेंद्र शर्मा नितिन चौरसिया मनोज शर्मा सहित जनशिक्षक विद्यालयों शिक्षक उपस्थित थे।

### नहीं चलने देंगे मनमानी

मेले में अचानक विकास खंड के अधिकारियों के साथ मेले में पहुंचे जिला शिक्षा अधिकारी डा अनिल कुशवाहा ने जायजा लेते हुए तत्काल प्रभाव से निजी स्कूल संचालकों को मेले में बुलाने के साथ निजी प्रकाशनों की सूची और सभी प्रकार की ड्रेसें उजागर करने की बात कही। उन्होंने स्पष्ट किया कि निजी प्रकाशनों और संचालकों की मनमानी नहीं चलने दी जाएगी। विकास खंड शिक्षा अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि इन स्कूलों में जाकर स्वयं औचक निरीक्षण करें और किसी भी प्रकार की कोई अनियमिता पाई जाती है तो तत्काल प्रभाव से उचित दंडात्मक कार्यवाही करें।

**नाम सुधार सूचना**

मैं चन्द्रभान सिंह पटेल पिता श्री प्रहलाद पटेल निवासी ग्राम बेलखेड़ी शेढ़ तह. गोटेगांव जिला नरसिंहपुर म.प्र. का स्थाई निवासी हूं। यह कि शपथकर्ता को अपनी पुत्री के डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र में सुधार कराना चाहता है। यह कि शपथकर्ता की पुत्री के डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र में पुत्री का नाम राजविका पटेल डिजीटल जन्म प्रमाण पत्र का पंजी. 2727 दिनांक 31/12/2022 में दर्ज है। कि मेरी पुत्री का जन्म दिनांक 19/12/2022 में नीखरा हॉस्पिटल नरसिंहपुर मे हुआ था। यह कि शपथकर्ता की पुत्री का सही नाम तेजस्वी पटेल है। जो कि सही है जिस हेतु शपथ पत्र पेश कर रहा है।

पूर्व का नाम - राजविका पटेल
सही नाम - तेजस्वी पटेल
पिता चन्द्रभान सिंह पटेल
माता का नाम सोमवती पटेल
शपथकर्ता चन्द्रभान सिंह पटेल

**न्यायालय नजूल अधिकारी नरसिंहपुर**

**सार्वजनिक उद्घोषण**

रा.म.क्र./253 अ-20 (1) वर्ष 2025-26

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नजूल शीट क्रमांक 16, नगरीय क्षेत्र का नाम कंदेली, प्लाट नंबर 60/7 रकवा 2217 वर्गफुट, प्लाट क्रमांक 60/8 रकवा 135 वर्गफुट, विद्यमान अभिलेख में धारक/धारकों के नाम/पिता/माता का नाम तथा पूर्ण नाम पता-अजीमुद्दीन कुरैशी, रजिया कुरैशी पिस. चिरागुद्दीन सा. कंदेली उस व्यक्ति/व्यक्तियों का नाम/पिता/माता/पति का नाम तथा पूर्ण पता जिनके पक्ष मे प्रकरण विचाराधीन है- अजीमुद्दीन कुरैशी, रजिया कुरैशी पिस. चिरागुद्दीन सा. कंदेली तहसील व जिला नरसिंहपुर उक्त अनुसूची के अनुसार स्थाई पट्टा नवीनीकरण की कार्यवाही इस न्यायालय के समक्ष विचाराधीन है। कोई भी हितबद्ध व्यक्ति दिनांक 24/04/2026 को प्रात:11 बजे स्थान नरसिंहपुर में इस न्यायालय के समक्ष स्वयं या अपने अधिवक्ता जिसे सम्यक रूप से अनुदेश दिये गये हो या वैद्य प्रतिनिधी के द्वारा उपस्थित होकर विचाराधीन प्रकरण के संबंध में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है नियत दिनांक के बाद प्राप्त दावे/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा । इश्तेहार आज दिनांक 02/04/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय पद मुद्रा के अधीन जारी किया गया ।

नजूल अधिकारी
नरसिंहपुर